हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 जून 2024

तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 28.7 डिग्री

11 ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई

12 तीसरी बार भाजपा सरकार आ रही : धर्मेंद्र प्रधान





# 8 साल बाद जाट संस्था में खिला 'गुलाब'
# नरेश काला पैनल से सुधीर कोषाध्यक्ष चुने गए

## जाट शिक्षण संस्था की कार्यकारिणी का चुनाव : दिमाना पैनल ने उप प्रधान और महासचिव के पद पर भी दर्ज की जीत

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

- मातूराम इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ
- कॉलेजियम के सभी 105 सदस्यों ने वोट डाला
- कोई मत रद नहीं हुआ

आखिरकार आठ साल बाद रविवार को जाट शिक्षण संस्था को नई कार्यकारिणी मिल ही गई। प्रधान, उप प्रधान महा सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए मातूराम इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में सुबह नौ बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक मतदान हुआ। सभी 105 कॉलेजियम सदस्यों ने वोट डाली। वोटिंग के तुरंत बाद मतों की गिनती करवाई गई। कोई मत रद नहीं हुआ। जिसमें गुलाब सिंह दिमाना प्रधान चुने गए हैं। दिमाना के पैनल ने उप प्रधान और महा सचिव के पद पर भी जीत की पताका फहराई। जबकि कोषाध्यक्ष के लिए नरेश काला पैनल के सुधीर जीते हैं।

### दिमाना दस मतों से जीते

गुलाब सिंह दिमाना ने अपने विरोधी उम्मीदवार नरेश कुमार काला को 10 मतों से हराया। दिमाना को 33 और काला को 23 मत मिले। 20 वोट लेकर परमजीत तहलान तीसरे, 19 के साथ राज सिंह नांदल चौथे और पांचवें स्थान पर रहते हुए राजेंद्र सिंह राजे ने पूरे 10 वोट प्राप्त हुए। दिमाना इससे पहले संस्था में महा सचिव भी रह चुके हैं। ये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक भी हैं। दिमाना के अलावा एकाध और उम्मीदवार ने हुड्डा परिवार का समर्थन हासिल करने की कोशिश की। परिवार ने समर्थन दिया या नहीं, ये तो लेने देने वाले ही सही-सही बता सकते हैं। लेकिन जो कोशिश कर रहे थे, वे जीत से तीन-चार कदम दूर रहे। वहीं कौन जीता कौन हारा, ये अलग मुद्दा है, लेकिन संस्था प्रशासक के ओएसडी डॉ.नवनीत अहलावत ने इलेक्शन को कानूनी दावे पेंच में नहीं फंसने दिया। ध्यान रहे कि वर्ष 2016 में वोटिंग से ऐन पहले हाईकोर्ट चुनाव पर रोक लगा दी थी। आठ साल बाद अब जाकर चुनाव हुआ है।


रोहतक। जीत के बाद समर्थकों के साथ खुशी मनाते हुए गुलाब सिंह दिमाना, धर्मराज और नवदीप।


ऐसे चला मतदान


सुधीर


उत्साह...

### पाला बदला, लेकिन बात नहीं बनी

जीतने के लिए उम्मीदवारों ने पाला बदला। नव निर्वाचित सांसद दीपेंद्र हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र के होर्डिंग लगवाकर बधाई संदेश दिए। लेकिन विजय हासिल नहीं हुई। शुरू दिन से दिमाना ने जीत के लिए कुशल प्रबंधन किया हुआ था। विरोधी उम्मीदवारों के कॉलेजियम सदस्यों को इन्होंने रातों-रात अपने पक्ष में कर लिया।

### चुनाव प्रक्रिया पर थी पैनी नजर

जब से चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब से ही आजीवन सदस्य इस पर कड़ी नजर लगाए हुए थे कि कोई न कोई त्रुटि रहे और प्रोसेस को आठ साल पहले की तरह ही कोर्ट कचहरी में चुनौती जाए। ध्यान रहे कि गत 4 फरवरी को कॉलेजियम के लिए मतदान करवाया गया था। कॉलेजियम चुनाव के साढ़े चार महीने बाद रविवार 23 जून को नई कार्यकारिणी का इलेक्शन करवाया गया। आमतौर पर कॉलेजियम इलेक्शन के साथ ही गवर्निंग बॉडी का चुनाव करवा लिया जाता है। कॉलेजियम चुनाव होने के बाद नई कार्यकारिणी के इलेक्शन के लिए जिला सोसायटी रजिस्ट्रार से अनुरोध किया गया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कॉलेजियम सदस्यों ने गवर्निंग बॉडी का चुनाव लड़ने की नॉमिनेशन फीस लाखों रुपये तय करने पर आपत्ति जताई। लेकिन पैसा कम नहीं किया गया। ध्यान रहे कि कॉलेजियम का इलेक्शन लड़ने के लिए भी संस्था ने 51-51 हजार रुपये की मोटी राशि वसूली थी।

### ये रहा चुनाव परिणाम

**प्रधान**

| उम्मीदवार | मत |
|---|---|
| गुलाब सिंह दिमाना | 33 |
| नरेश कुमार | 23 |
| परमजीत तहलान | 20 |
| राज सिंह नांदल | 19 |
| राजेंद्र सिंह | 10 |

**उपप्रधान**

| उम्मीदवार | मत |
|---|---|
| धर्मराज | 37 |
| विक्रम | 21 |
| विनोद हुड्डा | 19 |
| आजाद सिंह | 14 |
| चंद्रभान | 14 |

**महासचिव**

| उम्मीदवार | मत |
|---|---|
| नवदीप | 35 |
| कृष्ण सिंह | 28 |
| रविंद्र सिंह | 23 |
| जगजीत सिंह | 19 |

**कोषाध्यक्ष**

| उम्मीदवार | मत |
|---|---|
| सुधीर | 35 |
| राजपाल | 31 |
| कांता | 25 |
| दिनेश | 14 |

## शहर में आज

- डीसी-एसपी समाधान शिविर लगाएंगे सुबह 9 से 11 बजे तक
- नगर निगम द्वारा नालों की सफाई की जाएगी सुबह 8 बजे से
- मदवि स्थित टैगोर सभागार में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों का ड्रॉ निकाला जाएगा
- मदवि के राधा कृष्ण ऑडिटोरियम में एलेन इंस्टिट्यूट द्वारा शौर्य वंदन कार्यक्रम दोपहर बाद 3 बजे
- वार्डों में परिवार पहचान पत्र ठीक करने के लिए कैंप लगाए जाएंगे
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### मदवि : कई पाठ्यक्रमों का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित- बीसीए छठे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर, बी.वोकेशनल-साफ्टवेयर डेवलपमेंट दूसरे सेमेस्टर री-अपीयर, चौथे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर, पांचवें सेमेस्टर री-अपीयर तथा छठे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### 40 हजार लूटे, विरोध करने पर फायरिंग

**रोहतक।** गीता कॉलोनी के पास दो बदमाशों ने एक दुकानदार से 40 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने आरोपियों का पीछा किया तो एक युवक ने गोली चला दी। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह गोली से बाल बाल बचा। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिवाजी कॉलोनी पुलिस को दी शिकायत में पंकज निवासी कमला नगर ने बताया कि 22 जून की रात 11 बजे वह अपनी दुकान बन्द करके अपनी बहन के घर गीता कालोनी में खाना खाने के लिए जा रहा था। रस्ते में रेलवे अंडर पास पुल के नीचे पहुंचा तो दो युवक आए और उसकी जेब से 40 हजार रुपये निकाल कर गीता कालोनी की ओर भाग गए। उसने युवकों का पीछा किया तो एक ने उस पर गोली चला दी जिससे वह बाल बाल बचा।

### पहरावर के पास वाहन ने बाइक को टक्कर मारी

**रोहतक।** पहरावर के पास किसी अज्ञात वाहन ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। थाना शिवाजी कालोनी को दी शिकायत में विकास कुमार निवासी मलिक कालोनी सोनीपत ने बताया कि उसके ताऊ का बेटा ललित कुमार प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता था। वह 22 जून को बाइक पर कलानौर गया था। उन्हें सूचना मिली कि ललित अपना काम खत्म करके वापिस कलानौर से बहादुगढ़ की तरफ बाईपास से आ रहा था वह पहरावर के पास बाइक को किसी वाहन को टक्कर मार दी।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवक घायल, चालक पर केस

**महम।** मदीना गांव के पास एक कार ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मदीना कोरसान गांव निवासी अंकुश पुत्र सुरेंद्र ने बताया कि वह रोहतक में एसएससी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग ले रहा है। कल वह मोखरा गांव के अपने दोस्त दीपांशु पुत्र राममेहर के साथ एप्लाईड फोर मोटर साइकिल पर सवार होकर रोहतक से गांव आ रहा था। शाम सात बजे जब वह मदीना गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो पीछे से एक कार ने मोटर साइकिल में तेज टक्कर मार दी। वह मोटर साइकिल के पीछे बैठा था। टक्कर लगते ही वह उछलकर नीचे गिर गया। उसके दोनों पैरों व शरीर पर काफी चोट लग गई। जबकि दीपांशु को थोड़ी चोट लगी। उसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया। अंकुश ने पुलिस से कार चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।




## माता दरवाजा चौक पर युवक पर तेजधार हथियार से हमला

- बादल अपनी पत्नी और दोस्त के साथ खाटू श्याम जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था
- डेयरी मोहल्ले के कपिल व अन्य ने किया हमला, केस

**रोहतक।** खोखराकोट निवासी युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना पुरानी सब्जी मंडी में दी शिकायत में बादल ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दोस्त के साथ खाटू श्याम जाने के लिए माता दरवाजा चौक के पास वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी कपिल निवासी डेयरी मोहल्ला और अन्य युवक उसके पास आए। एक युवक ने तेजधार हथियार से उस पर हमला कर दिया। उन्होंने किसी तरह गलियों में भागकर जान बचाई। घायल होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

## मकड़ौली के पास बदमाशों ने पिस्तौल दिखाकर कार और नकदी लूटी

**रोहतक।** बदमाशों ने मकड़ौली के पास हथियार दिखाकर कार और कैश लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना सदर में दी शिकायत में तरसेम चन्द निवासी दूगाल तहसील पातडा जिला पटिलाया ने बताया कि उसके पास एक कार है।

### वारदात के बाद फरार

वह उसे पंजाब से दिल्ली एयरपोर्ट चलाता है। वह 23 जून की रात दिल्ली एयरपोर्ट के लिए जा रहा था। रात ढाई बजे गोहाना रोहतक रोड गांव मकडौली खुर्द एनएच पुल के पास पहुंचा तो सफेद रंग की डिजायर कार बिना नम्बर प्लेट की आई और उसकी कार के आगे कार लगा दी। कार से दो युवक पिस्तौल लेकर नीचे उतरे। उसकी साइड वाले शीशे पर पिस्तौल से चोट की और उसे बाहर ले गए। बदमाशों ने उससे गाड़ी चाबी की ले ली। फिर मोबाइल फोन, पांच हजार, पर्स, निकाल लिए। इसके बाद बदमाश उसकी कार लूट कर फरार हो गए। उसने किसी तरह पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों का आज निकाला जाएगा ड्रॉ ऑफ लॉट्स

# 3070 लाभार्थियों को दिए जाएंगे 30-30 गज के प्लॉट

### 26 को मुख्यमंत्री नायब सिंह वितरित करेंगे अलॉटमेंट लेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- मदवि के टैगोर सभागार में होगा कार्यक्रम

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार के हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 30-30 गज के पात्र व्यक्तियों को प्लॉट दिए जायेंगे। प्लॉट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले लाभार्थियों का मदवि स्थित टैगोर सभागार में 24 जून को ड्रॉ ऑफ लॉट्स निकाला जाएगा। इसके लिए 24 जून को प्रदेश के 14 जिलों में ड्रॉ ऑफ लॉट्स निकाला जाएगा, जिनमें रोहतक जिला भी शामिल है। जिला में 3070 लाभार्थियों को यह प्लॉट अलॉट किए जाएंगे।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि योजना के पात्रों में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आमदनी वाले शहरी परिवार शामिल हैं। योजना के तहत 24 जून को तीन श्रेणियों घुमंतू जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए ड्रॉ ऑफ लॉट्स निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह 26 जून को इन लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित करेंगे।

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने 24 जून को स्थानीय मदवि के टैगोर सभागार में आयोजित होने वाले ड्रॉ ऑफ लॉट्स कार्यक्रम की तैयारियों का मौके पर जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत गरीब पात्र लोगों को 30-30 गज के प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह 26 जून को लाभार्थियों को प्लॉट अलॉटमेंट के लेटर वितरित करेंगे।

वैशाली सिंह रविवार शाम जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ मदवि के टैगोर सभागार में ड्रॉ ऑफ लॉट्स के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस कार्यक्रम के लिए किए गए आवश्यक प्रबंधों की मौके पर जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी स्क्रीन के माध्यम से लाभार्थियों को ड्रॉ ऑफ लॉट्स की ऑनलाइन प्रक्रिया को दिखाया जाएगा। लाभार्थियों के बैठने व खाने-पीने के लिए पुख्ता प्रबंध किये गए है। रोहतक के 3070 लाभार्थियों को 30-30 गज के प्लॉट दिए जाएंगे। रोहतक सहित प्रदेश के 14 जिलों में 24 जून को ड्रॉ ऑफ लॉट्स कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस अवसर पर सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, डीआईओ डॉ. जितेंद्र मलिक, हाउसिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता राजपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


रोहतक। एडीसी ने तैयारियों का जायजा लिया।

## स्किल डेवलपमेंट का नौंवा बैच संपन्न



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट का नौंवा बैच संपन्न हो गया। परियोजना निदेशक प्रो. शालिनी सिंह ने बताया इस बैच में विद्यार्थियों की सॉफ्ट स्किल्स, कम्यूनिकेशन स्किल्स तथा एसएसबी गाइडेंससाइकोलोजिकल टेस्ट, ग्राउंड टास्क तथा एसएसबी इंटरव्यूटर स्किल्स पर विशेष फोकस किया गया। उन्होंने बताया कि इस बैच में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. शालिनी सिंह, इंटरव्यूविंग ऑफिसर ब्रिगेडियर एसएस जून तथा परियोजना सहायक संदीप कुमार ने बैच कंपलीट करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

### ऑनलाइन फ्रेश एप्लीकेशन 28 तक जमा करवाएं

**रोहतक।** मदवि के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज में संचालित पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए ऑनलाइन फ्रेश एप्लीकेशन 28 जून तक जमा करवा सकते हैं। दो वर्षीय डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंगवेज में रिक्त पांच सीटों तथा दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंगवेज इंटरप्रेटेशन में रिक्त चार सीटों पर एडमिशन के लिए पात्र अभ्यर्थी 28 जून प्रातः 10 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन के लिए फिजिकल काउंसलिंग 28 जून को प्रातः 11 बजे इंचार्ज, सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज कार्यालय में प्रारंभ होगी।

## जनजीवन के दृश्यों को महत्व

रेनू व हिमानी के चार चित्रों में प्रकृति सुषमा के साथ-साथ जनजीवन के दृश्यों को महत्व दिया है। प्रकृति व संस्कृति का अद्भुत तालमेल होता है। यहीं सामंजस्य इन बाल कलाकारों ने अपने चित्रों में दिखाया है। अनुराधा, रितू, सीमा व सूरजमुखी ने अपने चित्रों में हमारे समाज में फैली बुराइयों के खिलाफ रंगों के माध्यम जंग लड़ी है। इससे पता चलता है कि समाज में कोढ़ की तरह फैली बुराइयां इन्हें कौंधती हैं। बाल कलाकार सीमा प्रकृति प्रेमी है। उसने एक चित्र में सूर्योदय के समय टहनी पर बैठा पक्षी युगल जैसे सुख-दु:ख की बातें कर रहा हो, बनाया है।

# बच्चों की कूची से निकले मुंहबोलते संदेश

बालमन सामाजिक समस्याओं को लेकर संजी रहते हैं। जब उन्हें इस पर अपनी इच्छा से अभिव्यक्ति की आजादी दी जाती है तो वे लेखन या चित्रों के माध्यम में वे तस्वीरें उकेर देते हैं जिनकी कई बार बड़े कल्पना भी नहीं रि सकते। पेंटिंग भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है जो दर्शक को भीतर तक झकझोर कर रख देता है।

कला | डॉ. सुमन कादयान

कला के शिखर पर पहुँचने के बाद विश्व विख्यात चित्रकार पिकासो ने कहा था, 'मैं किसी भी बड़े कलाकार की नकल कर सकता हूँ, किन्तु बच्चों की कला की नकल नहीं कर सकता।' उन्होंने यह इच्छा भी जाहिर की थी कि मैं बच्चों जैसे चित्र बनाना चाहता हूँ। पिकासो की इस इच्छा से ज्ञात होता है कि पिकासो बच्चों को साधारण चित्रकार नहीं मानते थे और वो यह भी समझते थे कि बिना किसी दबाव या प्रभाव के, नितांत मौलिक ढंग से चित्र बनाना बालमन से ही सम्भव है। बच्चों द्वारा खेल-खेल में सृजित चित्रों को बाल चित्रकला के अंतर्गत रखते हैं। उनके द्वारा चित्रित कलाकृतियां कई मायनों में उल्लेखनीय होती हैं।

बच्चों द्वारा बनाए चित्रों के पीछे भी एक तार्किकता होती है तथा इसके मनोवैज्ञानिक अध्ययन से उनकी मनोवृत्ति का स्पष्ट आभास मिल सकता है। यह सत्य है कि बच्चों में ड्राइंग के प्रति स्वाभाविक रुझान होता है। जब बच्चों में चित्र बनाने की बात छेड़ी जाए तो उनमें अनायास ही उत्साह आ जाता है तथा चित्र बनाने के लिये लालयित हो जाते हैं। चित्र बनाते समय उन्हें आनन्दानुभूति होती है। नई स्फूर्ति जागृत होती है। ऐसा माना जाता है कि बालक के अपरिपक्व मस्तिष्क में जो विचार कौंध रहे होते हैं अथवा जो भावनाएं उनके अंतर्मन को किसी एक क्षण में आंदोलित कर रही होती हैं, रेखाएं उसके हाथ उन्हीं का आकर लेगी।



### देशभक्ति के भाव जगाते चित्र

ग्यारहवीं कक्षा की खुशी एक कुशल चित्रकार है। उसने शहीद भगत सिंह, छत्रपति शिवाजी के सुन्दर चित्र बनाए हैं जो देशभक्ति के भाव जगाते हैं तो वीरता का एहसास करवा रहें है। एक चित्र में श्रीमद्भगवत गीता के महत्त्व व हमारे जीवन पर उसके प्रभाव को खूबसूरती से दिखाया है। एक अन्य चित्र में दिखाया है कि सिगरेट का धुआं जीवन को काला करके जीवन में खुशहाली के समस्त रंग गायब कर देता है। नौवीं कक्षा की मोनिका ने सूर्योदय-सूर्यास्त के समय का स्वर्णिम वातावरण तथा बसन्त के इन्द्र धनुषी रंग कुशलता से चित्रित किए हैं।

**अनदेखी**

**पटाखे बजाना शान समझते हैं लोग, जहरीली हो रही शहरों गांवों की आबोहवा**

**कब्जा**

**अपने कुछ देर के शौक के लिए ऐसे लोगों का दम घोट देते हैं, जिनको सांस की बीमारी है**



### चित्रों में अभिव्यक्ति की तार्किकता

बाल चित्रकारों के मन पर आसपास के वातावरण का प्रभाव भी पड़ता है। जो बच्चा देखता है, भोगता है या महसूस करता है उसे अपने चित्रों में स्थान देता है। हालांकि बच्चों की चित्रकारी के मुख्य विषय पेड़ पौधे, चिड़िया, बिल्ली, चूहा, पहाड़, झरने, पतंग, झूले, तितली, बादल, फूल आदि होते हैं, किन्तु थोड़ी परिपक्वता आने पर बच्चा या किशोर पूरे परिवेश को जानने, समझने लगता है। उसकी यही परिपक्वता उसके चित्रों में आने लगती है। वह सामाजिक बुराइयों, आडम्बरों, बढ़ते प्रदूषण, छल-कपट को अपने चित्रों के विषय बनाकर उनके खिलाफ लड़ना आरम्भ करता है, तो पर्यावरण सरंक्षण पर गम्भीरता से सोचता है। बच्चों के चित्रों में उनकी अभिव्यक्ति झलकती है। ऐसी ही अभिव्यक्ति की झलक, पर्यावरण व भटकते हुए समाज की चिन्ता पिछले दिनों छात्राओं द्वारा बनाई पेंटिंग प्रदर्शनी में देखने को मिली। बाल व किशोर कलाकारों द्वारा बनाए चित्र मात्र रंग-ब्रुश, स्कैट या मोम रंगों से बनाए चित्र भर नहीं थे, बल्कि इन चित्रों को बनाते समय छात्राओं ने गहरे विवेक, बेहतरीन सोच व कला दक्षता का प्रमाण दिया है। इन चित्रों को बनाने के पीछे छात्राओं की सकारात्मक सोच, समाज व पर्यावरण की चिन्ता साफ झलकती है। चित्रों को देखने, परखने पर ज्ञात होता है कि वो समाज से बुराइयों को उखाड़कर अमन-चैन, समानता, भाईचारा चाहती हैं। वो प्रदूषित नहीं बल्कि साफ-सुथरा व हरा-भरा वातावरण चाहती हैं। ये कलाकार नहीं चाहते कि हम जिस समाज में रहते हैं वो कुण्ठित, नकारात्मक, द्वेषी, स्वार्थी हो। इन बाल व किशोर चित्रकार छात्राओं के चित्र गहराई से देखते हैं तो बड़ों को भी सोचने-समझने पर मजबूर कर देते हैं।

### प्रकृति की सत्ता के दर्शन

बारहवीं कक्षा की छात्रा करिश्मा द्वारा बनाए कई चित्रों में प्राकृतिक सौन्दर्य कुदरत का करिश्मा, प्रकृति की सत्ता को दर्शाया है। एक पेंटिंग में गहरे जंगल के बीच से बहती नदी से एक बाघ पानी पीकर अपनी प्यास मिटा रहा है। बाघ पानी पीता-पीता नदी में तैर रही दो बड़ी बत्तखों को भी देख रहा है। जंगल के बीच से हरे पड़ों के ऊपर नीले आसमान में कुछ बादलों के झुण्ड दिखाई दे रहे हैं। जैसे वे जल्दी ही पूरे आसमान में छाकर पानी बरसा कर पूरे जंगल की प्यास मिटाने की तैयारी कर रहे हैं। नदी के पानी में पेड़ों व बादलों का सुन्दर बिम्ब आकर्षण पैदा कर रहा है।

### नशे से दूर रहने के संदेश

एक अन्य छात्रा सुशीला ने एक शहर की बहुमंजिला कंकरीट की इमारतें, सड़क पर वाहनों की भरमार तथा उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं दम घोटता दिखाया है। किशोर कलाकार ने दिखाया है कि बढ़ती इमारतों के कारण जंगल कम हो रहे हैं। पीने का पानी भी जहरीला व कम हो रहा है। लाल रंग से बनाया आसमान खतरे का संकेत है। कलाकार ने पानी बचाने की प्रेरणा भी दी है। दूसरी पेंटिंग में नशे के दुष्परिणाम को दर्शाया है कि जो नशा करता है उसका मान-सम्मान, धन, स्वास्थ्य सब कुछ प्रभावित होता है तथा परिवार को भी भुगतना पड़ता है। बारहवीं कक्षा की ही छात्रा पूनम ने भारी जंगलों से लदे पहाड़ों के सामने बनी प्राकृतिक झील में छोटे से टापू पर एक नव युवती पत्थर पर बैठी प्राकृतिक सुषमा का रस-पान कर रही हैं। ठण्ड का एहसास करने के लिए पैर पानी में डुबाए हुए है। दोनों ओर भारी जंगल, फूलों से लदी जंगली झाड़ियां, दूसरी ओर साफ नीले पानी की झील तथा पीछे ग्लेशियरों से अटी पड़ी पर्वत चोटियाँ चित्र को सुन्दरता व आकर्षण पैदा कर रहे हैं। जंगल के आगे मादा जेबरा व उसका बच्चा निश्चिंत खड़े दिखाए हैं। एक अन्य पेंटिंग में कुछ कटे हुए, कुछ सूखे हुए पेड, काले रंग में दिखाए हैं। जमीन पेड़ो के बिना बन्जर, धूसर,लाल-पीले रंग में दिखाई है। इसका असर आसमान पर भी नजर आ रहा है।

कविता | निधि राठी



### पुराना मकान

एक घर था जो ढह गया,
एक वक्त था जो बीत गया,
अब दीवारों से खिलखिलाहट झड़ने लगी है,
मेरी यादें मुझसे मुंह मोड़ने लगी हैं।

सब कुछ तो छोड़ जाना है एक दिन,
फिर क्या तेरे संग क्या तेरे बिन,
कुछ ऐसे गिन कर दिन गुजार रही हूं,
मानो किसी का क़र्ज उतार रही हूं।

वो रह गया अंदर जो कहना था,
कुछ सह चुके थे,
पर शायद अभी और सहना था,
आंगन में नीम का पेड़ मुरझाने लगा है,
गांव की गलियां सुनसान देखी,
तो लगा गांव भी शहर सा होने लगा है।
तस्वीर टूटने वाली है,
कांच बिखरने वाला है,
एक तूफ़ान सब बरबस हो जाएगा,
रोक ले नहीं तो पराया हो जाएगा।
खौफ आता है इन दरारों से,
जो मेरी चौखट में आई है,
वो दूर खड़ी जो हंस रही है,
मैं हूं या मेरी परछाई है।
दरवाजा बंद नहीं होता,
शायद अकड़ गया है,
देखकर इस पुराने मकान की
हालत मेरा दिल बैठ सा गया है,
मकड़ी के बनाए जाल इस
बात का गवाह है,
वीरान रहा, बारिश, ठंड, धूप,
आंधी सब अकेला ही सहता रहा।
खिले फूल किसी एक कोने में
चुपचाप लहराते रहे,
संदूकों में जंग लग गया,
वो कपड़े, गहने यूं ही सड़ते रहे,
मैं जाऊंगी इस जहां से तो
सबको बता कर जाऊंगी,
किला ढह जाएगा,
शोहरत मलबे में दब जाएगी,
रुतबा बिखर जाएगा,
जमीनें भी लूट ली जाएंगी।

रागनी | राजपाल सिंह गुलिया



धूणे पै ज्यूँ साधू तपता ,
न्यूँ याह तपती धरती .
आज हवा भी तपी-तपाई ,
मरण मारण न फिरती।

रूँख खड़े ये तपैं घाम मैं ,
सिर नीचे न करकै .
जबरे आग्गै हीणा कोए ,
खड़्या हुया ज्यूँ डरकै .
धूप आज याह दिन धौली में ,
खड़ी बरू नै चरती।

फिरैं देख ल्यो ढोर तिसाए ,
नहीं झोड़ मैं पाणी .
पेड़ काटण नै कह तरक्की ,
दुनिया याह गिरकाणी .
घर तैं भार लिकड़ते लू भी ,
छुरी नाड़ पै धरती .

खबर छपी सै और पड़ैगी ,
कुछ दिन दबकै गरमी .
नौतपे मैं योह सूरज देवता ,
बरतै कोन्या नरमी .
सूरज नै किरणां की लागै ,
नई करी सै भरती।

सूरज बाबा दया करो कुछ ,
जी लिकड़ण नै होर्या .
पेड़ काट कै माणस अपणी ,
इस करणी पै रोर्या
इसी गरमी कदे देख्यी ना ,
लाग्यी कहण सुमरती।

गीत | भूपसिंह 'भारती'



### गर्मी का महीना

गर्मी का महीना लू चालै घणघोर।
जेठ मास म्ह गर्मी, दिखलावै अपणा जोर।।

सूख गए सब, ताल तलैया,
ये पंछी मवेशी, प्यासे भैया,
प्यासी धरती मैया, अर प्यासा मरता मोर।

घाम पड़ै यो, चाम जळावै,
ऐडी चोटी लग, पसीनो आवै,
सबनै भोत सतावै, ना दीखै कोई ठोर।

सूरज का भई, देख तरारा,
फूंक दिया, सुख चैन हमारा,
दोषी सा हम सारा, ना दोषी कोई और।
ग्लेशियर भी, पिंघलण लागे,
फूटै भाग जै, इब नहीं जागे,
फेर बुरी हो म्हारै सागे, जै करी नहीं रै गोर।

गर्मी से बचने का, इलाज सै एक,
पेड़ लगाओ, घर घर म्ह अनेक,
कहै 'भारती' देख, बात ना करनी या इग्नोर।

कविता | अन्नू प्रिया



### वापस हम नहीं आते

जिन रिश्तों के बिना रह नहीं सकते
उन्हें जरा सी बात लिए रुलाया नहीं करते
जिनके बिना जिंदगी अधूरी लगे
उनकी बातों को जाया नहीं करते

जायज नहीं हरवक्त उन्हें सताना
किसी दिन उनके रुठ चले जाने पर
शायद फिर रिश्तों में आया नहीं करते
ये कसम और वो वादे भी वहीं जाते
जब दिल से लोग उतर जाया करते।

कमियों की दुकान रह जाते हैं रिश्ते
हर गम अपने दिल का, दिल में रखते
हर किसी को बताया भी नहीं करते।
हलक पर आवाज जब सच नहीं बोलते
तो चुप्पियों से जज्बातों के मंजर बदलते
समंदर के तूफान की तरह, बस शांत हो जाते।

कुछ भी न रहा रिश्तों में जब वो फिर आते
तो फिर वो मुझ पर हक क्यों जताते
सोचते हैं जोड़ तोड़ छोड़ में रिश्ते आजमाते
पता नहीं उन्हें, छोड़े हुए रिश्तों में वापस हम नहीं आते।

लघुकथा | गोविन्द भारद्वाज



### दहलीज

किसी के घर में अनहोनी हो गई। घर की इज्जत तार-तार हो गई। सब लोग दहलीज की दुहाई दे रहे थे। उसी समय घर के दरवाजे ने एक तरफ पड़ी पुरानी दहलीज से पूछा, 'आजकल लोग तुम्हारी मर्यादा भूल गए हैं ...किसी को तुम्हारी इज्जत की परवाह नहीं है। जो चाहे वो तुझे अमर्यादित तरीके से पार कर जाता है...ऐसा क्यों?
'दहलीज ने जवाब दिया, 'आज दहलीज ही कहाँ रही है घरों में ...जब दहलीज ही नहीं तो कैसी मर्यादा या अमर्यादा।'
'वो कैसे?' दरवाजे ने पूछा।
'वो ऐसे कि खुद के नीचे झांक कर देख...है कहीं दहलीज..।' दहलीज ने दु:खी मन से जवाब दिया।

कविता | लवली आनंद



### दुनिया का रंग

मुझे दुनिया के रंग
में रंगना नहीं आया,
मुझे दुनिया के ढंग
में ढलना नहीं आया,
समय से चूक कर मैं
बेमौत मारी गई कई बार,
मुझे सूरज की भाँति
ढल कर बस निकलना
ही आया हर बार,
दुःख आया और
दुःख के बाद सुख भी
आया हर बार
पर दुःख में रोना नहीं आया
एक भी बार,
दुःख आते गए दुःख के साथ
संघर्ष भी बढ़ता गया पर
संघर्ष में उफ्फ कर
के भागना नहीं
आया एक भी बार,
बहुत साथी मिले फिर
बिछड़ भी गए जो गए
सो गए मैं उन्हें मुड़ कर
देखी
न एक भी बार,
अब उन सबका
समय ही हिसाब करेगा..

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

पहल | **सौ मीटर की प्रतियोगिता में 10 कदम नहीं दौड़ पाने वाले कुकणा अब 40 किलोमीटर कुछ ही घंटों में नाप रहे**

# उम्र के आखिरी पड़ाव में भी प्रेरणास्रोत बने रामस्वरूप



**गौरव**
**70 वर्षीय पत्नी शांति भी गौरव महसूस कर रही है**

**गुर**
**41 वर्षीय बेटे को भी गुर सीखने शुरू किए**

**परख**
**प्रतियोगिताओं में बेटे की प्रतिभा की परख कर रहे**

जज्बा | दलबीर सिंह भूना

हसंगा गांव के 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा आज देशभर में लोगों के लिए उदाहरण हैं कि उम्र चाहे जो भी हो अगर हौसले बुलंद हैं तो दूसरों का मोहताज नहीं होना पड़ता, बिना एथलेटिक्स कोच के आज वह अकेले ही आत्मनिर्भरता के साथ एथलेटिक्स खेलों में प्रतिद्वंद्वी प्रतिभागियों को पछाड़ रहे हैं। रामस्वरूप कुकणा ने मुंबई मैराथन 2024 में 42 किलोमीटर की फुल मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान 3 घंटे 39 मिनट 9 सेकंड में दौड़ पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। वहीं 21, 10 व 5 किलोमीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीतना रामस्वरूप कुकणा के लिए बाएं हाथ का खेल बन चुका है। बुजुर्ग के हौसले बुलंद देखकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गोल्ड मेडलिस्ट को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त बेंगलुरू, दिल्ली, लखनऊ, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, देहरादून आदि राज्यों में अपनी प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर 70 से ज्यादा गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। हालांकि हसंगा गांव के इस बुजुर्ग ने पूरी जवानी को किसानी में लगा दिया,मगर बुढ़ापे में गांव स्तर पर गत 5 वर्ष पहले हुई मनोरंजनदायक दौड़ प्रतियोगिता में कंसे गए कटाक्ष भरे व्यंग्य के बाद चुभती हुई बात सुनकर 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा की पूरी जिंदगी बदल गई और देशभर में प्रतिभावान एथलेटिक्स बन गए।



### प्रतियोगिता में बदला नजरिया

ग्राम पंचायत हसंगा ने करीब 5 वर्ष पहले मनोरंजन दायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया था। उपरोक्त प्रतियोगिता में बुजुर्गों की भी दौड़ शामिल की गई थी, जिसमें रामस्वरूप कुकणा ने 70 वर्ष की आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित की थी और जब दौड़ रहे थे तो अचानक जमीन पर जा गिरे। मगर इसी दौरान प्रतिभागी ने रामस्वरूप को चुभती हुई बात कह दी। उसी दिन से ही खेती-बाड़ी को छोड़कर एथलीट खेलों में अपना जीवन समर्पित कर दिया और तब से लेकर आज तक पीछे मुड़कर नहीं देखा। क्योंकि 100 मीटर की प्रतियोगिता में 10 कदम नहीं दौड़ पाने वाले रामस्वरूप कुकणा अब 40 किलोमीटर कुछ ही घंटों में नाप रहे हैं। इसलिए बुढ़ापे की दहलीज पर जाकर नाम रोशन कर रहे हैं।

### बुजुर्ग खिलाड़ी पर गर्व

सरपंच हसंगा के सरपंच वकील सहारण व पूर्व सरपंच सुरेंद्र लांबा ने बताया कि रामस्वरूप कुकणा देशभर में दूर- दराज जाकर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा का डंका दूसरे राज्य में बजा रहा है। इससे हमारी संपूर्ण पंचायत एवं ग्रामवासी गर्व महसूस करते हैं। एथलेटिक्स ने उम्र के आखिरी पड़ाव में भी दौड़ लगाकर शारीरिक रूप से मजबूत कर लिया है। क्योंकि महाराष्ट्र, बैंगलोर, दिल्ली, लखनऊ जैसे राज्य में एथलीट प्रतियोगिता में प्रथम नंबर पर आना अपने आप में रामस्वरूप कुकणा की उत्कृष्ट प्रदर्शन की एक बहुत बड़ी मिसाल है।

# इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ संस्कृति को बढ़ा रहे सुमित

- नौकरी से ज्यादा लोक गायकी में बेहतर करियर
- हरियाणवी कवियों में से पंडित लखमी चंद आदर्श रहे
- लोककला और लोक गीतों की स्थिति दयनीय

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति में रची बसी सांग और रागनियों की गूंज सात समंदर पार तक सुनाई देती है। इसका श्रेय सूबे के लोक कलाकारों को है, जिसमें हरियाणवी लोक संस्कृति की अलख जगाने के लिए अलग विधाओं में हरियाणा को पहचान दी है। ऐसे ही लोक कलाकारों में हिसार के सुमित सातरोड ऐसे रागनी गायक हैं, जिन्होंने सामाजिक, आध्यात्मिक, वीर रस की गाथाओं की विधाओं में अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को रागनी गायन के जरिये समाज के सामने परोसते हैं। सुमित ने समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए इंजीनियर की नौकरी को त्यागकर रागनी गायन शैली को अपनाया है। लोक कला के क्षेत्र में गायन शैली के दो दशक से ज्यादा के सफर को लेकर बुलंदियां छूते सुमित सातरोड ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को उजागर किया है, कि लोक कला के जरिए समाज में फैली कुरितियों को दूर करके सामाजिक समरसता की अलख जगाई जा सकती है।





लोक गायक सुमित सातरोड का जन्म 01 जनवरी 1974 को हिसार में गांव सातरोड में एक सामान्य परिवार में शिवकुमार शर्मा व संतोष देवी के घर में हुआ। जब वह तेरह साल के थे तो 1987 में उनके पिता का निधन हो गया था, जो एक सरकारी नौकरी में थे। पिता के निधन से पूर्व हमारी माता को नौकरी मिली, जिन्होंने हमारे लालन पालन और पढ़ाई का पूरा ध्यान रखा और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग भी कराई। बकौल सुमित उन्हें बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था, परंतु परिवार में किसी प्रकार का कोई संगीत या कला का माहौल नहीं था और परिवार में उनके अलावा किसी अन्य सदस्य की इस क्षेत्र रुचि थी। सुमित को बचपन से नृत्य का अधिक शौक रहा। उनके गांव में हर छह महीने में गायन के लिए सुप्रसिद्ध लोकगायक मास्टर सतबीर सिंह भैंसवाल आते थे। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जब अपने गांव में मास्टर सतबीर सिंह भैंसवाल का गाना सुना, तो उन्हें पहली बार यह अहसास हुआ कि इस लोक गायकी से अच्छा कुछ नहीं है और तभी से उन्होंने भी अपना सारा ध्यान इसी लोक गायन संस्कृति पर केंद्रित करना शुरू कर दिया। उनके गायन शैली की शुरुआत साल 2000 भजन से की, जिसके बाद इतिहास और गाथाओं से जुड़े किस्सों पर रागनी गायन शुरू किया। हालांकि इसके लिए उन्हें घर परिवार और अपने संघी साथियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य की तरफ ध्यान केंद्रित रखा और अपनी राह पर आगे बढ़ता रहा। वैसे भी हरियाणवी कवियों में से पंडित लखमी चंद मुख्य रूप से उनका आदर्श रहे, वहीं लोक गायन शैली में पं. लखमी के शिष्य पंडित मांगेराम और शहीद कवि जाट मेहर सिंह की गायन शैली से भी वह बहुत प्रभावित हैं। लोक संस्कृति पर उनकी रागनी गायकी का फोकस रहा है। उनकी गायन शैली में आध्यात्मिक व सामाजिक शास्त्र और श्रृंगार रस का समावेश भी रहा है।

### सम्मान व पुरस्कार

रागनी गायक शैली के लोक कलाकार सुमित सातरोड ने विभिन्न विधाओं में अपनी कला के हुनर से हरियाणा ही नहीं, देश के कई राज्यों में सांस्कृतिक मंचों पर सम्मान पाया है। इसमें बाबा रामदेव की बायोपिक में गौ माता के भजन के ही करीब 15 सांस्कृतिक रत्न के रुप में पतंजलि योगपीठ से सांस्कृतिक अवार्ड शामिल हैं। इसके अलावा रागनी प्रतियोगिताओं और गांवों के मंच पर सैकड़ो पुरस्कार सम्मान उनके नाम दर्ज हैं।

### सोशल मीडिया का प्रभाव चिंतनीय

आज के इस आधुनिक युग में लोककला और लोक गीतों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। आज के इस सोशल मीडिया युग में हमारे मूल गीतों को दबाया जा रहा है, क्योंकि नाबालिग बच्चों के हाथों में मोबाइल फोन है और वह इस आकर्षण में फंसते जा रहे हैं। बच्चों का हमारी मूल संस्कृति के प्रति कम रुझान है। लोक गायक सुमित सातरोड ने सामाजिक, अध्यात्म और लोक संस्कृति को अपनी कला से आगे बढ़ाने के लिए दस साल की इंजीनियरिंग की नौकरी को छोड़ दिया था। उनका कहना है कि नौकरी से ज्यादा अच्छा लोक गायकी के क्षेत्र में बेहतर करियर दिखा। सुमित का कहना है कि हरियाणा में पहले पहले नाट्य स्वांग का प्रचलन शुरू हुआ था, इसके बाद फिर सन 1920 के आसपास पंडित लखमी चंद ने रागनी गायन के दौर की शुरुआत की, जिसमें इसमें मटका, बेंजो, हारमोनियम सब बजाए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### संत कबीर दास जयंती धूमधाम से मनाई

**रोहतक।** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा माधव कुंज हुडा कांप्लेक्स में संत कबीर दास जयंती मनाई गई। सभी ने संत कबीर के चित्र पर फूल माला अर्पण कर उनको नमन किया। समिति के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि कबीर दास हिंदी साहित्य के निर्गुण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि थे।

### शिल्पकला की बारीकियों की जानकारी दी

**रोहतक।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में शिक्षा विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान स्कूल स्तरीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव जारी है। शनिवार को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग (मूर्तिकला) के अधिकारी हृदय कौशल पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिल्पकला की बारीकियों के बारे में समझाया व इसमें रोज़गार के अवसरों के बारे में भी बताया।

### पुलिस ने अमन को नजरबंद किया

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ को पुलिस ने फिर नजरबन्द कर दिया। गौरतलब है कि वशिष्ठ ने गत नवम्बर में कहा था कि जब भी हरियाणा प्रदेश के मुख्यमन्त्री रोहतक में आएंगे वे उनके सामने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं व सरकारी कर्मचारियों की आवाज उठाएंगे, जिसके कारण जब भी मुख्यमंत्री रोहतक में आते हैं, उनके आने से पहले ही वशिष्ठ को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है।

### योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ

**रोहतक।** नवयोग संस्था द्वारा सूर्या कॉलोनी शास्त्री नगर शिव मंदिर के पास चल रहे योग शिविर में लोगों को योगाभ्यास करवाया गया। जसबीर शास्त्री ने बताया कि शीतली, सीतकारी, चंद्रभेदी, भ्रामरी प्राणायाम और योग निद्रा के द्वारा मन को शांत करते हैं एवं बुद्धि का विकास प्रबल होता है। पूर्व पार्षद ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है।

### 96 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**रोहतक।** वैद्य केसर दास सेवा समिति द्वारा आर्युवेदिक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सावन बैंकट हाल के सामने वैद्य केसर दास लैब में किया गया। समिति के संचालक राजेश सिंधवानी ने बताया कि कैंप में 96 लोगों का इलाज आर्युवैदिक विधि से डॉक्टर सिद्धार्थ ने किया।

## पीने के पानी में कम गुणवत्ता के कारण लोगों को बहुत सी बीमारियां हो रही

# खिलवाड़ः जन स्वास्थ्य विभाग लोगों को 1500 टीडीएस का पानी पिला रहा

- खराब पानी पीने से एलर्जी, पथरी और पेट से संबंधित अन्य गंभीर बीमारियां बन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कस्बा महम और आस पास के गांवों में 1500 से अधिक टीडीएस का पानी सप्लाई कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है। पीने के पानी में कम गुणवत्ता के कारण लोगों को बहुत सी बीमारियां हो रही हैं। खराब पानी पीने से एलर्जी, पथरी और पेट से संबंधित अन्य गंभीर बीमारियां बन रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 300 पीपीएम से ऊपर के टीडीएस के स्तर को पीने के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता है। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के अलावा, 300 पीपीएम से ऊपर के टीडीएस स्तर पानी को खारा भी बनाते हैं, जिससे पानी मनुष्यों के लिए पीने योग्य नहीं रह जाता है। लेकिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल घरों से गांव में लगभग 1500 से 3000 टीडीएस तक का खराब गुणवत्ता का पानी सप्लाई किया जा रहा है। लोगों को इस पानी से नहाने से शरीर एलर्जी, बाल झड़ने के साथ-साथ पेट में इन्फेक्शन व पथरी जैसी और अन्य गंभीर बीमारियां हो रही हैं। सरकार की हर घर में नल और उसमें पीने योग्य जल योजना लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए और लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए पेयजल की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए ताकि आमजन स्वस्थ जल पीकर स्वस्थ रहे।

### पीने के पानी पर ध्यान दे सरकार

किशनगढ़ गांव निवासी ओमप्रकाश व बलजीत ने सरकार से अपील करते हुए कहा है कि सरकार गांव में पानी सप्लाई के लिए संबंधित विभाग को टीडीएस जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित किया गया है उसके अनुसार सप्लाई करें ताकि लोग स्वस्थ रहें।

### खराब पानी पीने से हुआ पेट खराब

किशनगढ़ गांव निवासी मुकेश मलिक ने बताया कि उसके पेट में काफी दर्द हो रहा था, वह चिकित्सकों के पास जांच के लिए गया तो पता चला कि खराब पानी पीने से पेट में खराबी हुई है। उसके बाद उसने जल घर से आने वाले पानी की सप्लाई को टीडीएस के माध्यम से नापा तो पता लगा कि लगभग 1230 टीडीएस का पानी मिल रहा है। अगर हम इसको वाटर फिल्टर के माध्यम से भी पियें तो वह भी 500 से 600 के लगभग ही इसको प्यूरीफायर कर सकता था। इतना खराब पानी पीने से ही उसका स्वास्थ्य खराब हुआ है इसलिए उन्होंने सरकार से अपील की है कि वह जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों को स्वच्छ व सही टीडीएस का पानी उपलब्ध करवाने के लिए पाबंद करे।



## शिविर में 673 मरीजों की जांच कर दवाएं दी, 340 को चश्मे वितरित किए

- स्वामी कर्णपुरी महाराज ने बताया कि शिविर में ईसीजी, पीएफटी, मधुमेह, एक्सरे, रक्त की हर तरह की जांच निःशुल्क की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा बालकपुरी धर्मार्थ औषधालय के 12 वर्ष पूरे होने पर स्वामी कर्णपुरी महाराज के सानिध्य में व होली हार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में पुरिधाम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, एलपीएस बोसॉर्ड के एमडी राजेश जैन व डॉ. आदित्य बत्रा रहे। सोनीपत के किन्नर समाज के अध्यक्ष महंत काजल महाराज भी शिविर में उपस्थित रहे। स्वामी कर्णपुरी महाराज ने बताया कि शिविर में ईसीजी, पीएफटी, मधुमेह, एक्सरे, रक्त की हर तरह की जांच निःशुल्क की गई। शिविर में 673 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाएं भी दी गई और 340 रोगियों को निःशुल्क नेत्र जांचकर चश्में वितरित किए गए। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बत्रा, डॉ. अर्चित दहिया, डॉ. सौरभ अरोड़ा, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. धनन्जय, हृदय सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष असीजा, डॉ. अमित दहिया, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित खुराना, डॉ. अंकुर अग्रवाल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत वर्मा, डॉ. अमित बत्रा, डॉ. जतिन अरोड़ा, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पवन शर्मा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नीरज अग्रवाल, मेडिसन डॉ. करण भूटानी, डॉ. रोहित अरोड़ा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन पहल, डॉ. लीना शर्मा, सर्जरी के डॉ. विनोद जांगड़ा, डॉ. मनीष बंसल, नेत्र रोग डॉ. दीपक, दंत रोग डॉ. सोनी मिनोचा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा राणा, चर्म रोग की डॉ. दिव्या शर्मा, फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. संगीता, डॉ. उर्वशी, डॉ. गुलशन चोपड़ा, डॉ. राकेश छाबड़ा ने शिविर में मरीजों की जांच की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डिस्पेंसरी के मैनेजर लालापुरी, कार्तिकपुरी, शांतपुरी, सिमरणपुरी, नवीन तागरा, नंद कपूर, अशोक कपूर, राजेन्द्र ढुआ, संजीव ढल, राजू ढल और अभी क्वात्रा मौजूद रहे।

## सीएम को ज्ञापन देने पहुंची जनवादी महिला समिति की सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की

- कई महिला नेताओं को चोटें भी आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल, भीम अवार्डी खिलाड़ी व संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जगमति सांगवान, राज्य अध्यक्ष सविता और राज्य की महासचिव उषा सरोहा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला। इस दौरान पुलिस के साथ जमकर कहासुनी और धक्का मुक्की हुई। कई महिला नेताओं को चोटें भी आईं। महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ऐसी बदसलूकी के बाद जब महिला नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी तो मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिलवाया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व खेलमंत्री संदीप सिंह पर खेल विभाग की जूनियर कोच पर यौन हमला करने का केस चल रहा है। वहीं पूर्व मंत्री अपने अब भी जूनियर कोच पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। दो दिन पहले ही जूनियर कोच के मकान पर अवांछित तत्वों ने हमला किया। जनवादी महिला समिति तथा हरियाणा के दर्जनों संगठन जूनियर कोच को सुरक्षा देने की मांग को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन दे चुके हैं। परन्तु सरकार जूनियर कोच को सुरक्षा मुहैया नहीं करवा रही। जूनियर कोच को पूरी सुरक्षा मुहैया करवाई जाए तथा नौकरी से निलंबन वापस लिया जाए। संगठन ने यह भी मांग की कि पूर्व मंत्री संदीप सिंह को जेल में डाला जाए।

## खरावड़ में केंद्रीय मंत्री के सामने रखी पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गांव खरावड़ के लोगों ने रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री व हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के सामने पानी की समस्या की मांग रखी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में हरियाणा सरकार से बात की जाएगी और जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। रविवार को बीजेपी का रोहतक में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह था। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सांसद व सह प्रभारी विप्लव देव सहित कई अन्य मंत्रियों का काफिला दिल्ली से रोहतक आ रहा था। जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। मंत्रियों का नेशनल हाईवे नंबर 9 रोहद टोल पर प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। उसके बाद खरावड़ में पुलिस चौकी के पास जिला उपाध्यक्ष उदभान मलिक के नेतृत्व में स्वागत किया गया। काफिला पहुंचने से पहले ही प्रधान एडवोकेट दीपक मलिक सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। काफिले का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गुलदस्ते देखकर स्वागत किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मौजूद था।



**सांपला।** शिक्षा मंत्री से पानी की समस्या बताते प्रधान दीपक व ग्रामीण।

### 8 साल से खरावड़ के जलघर की नहीं हुई सफाई

दीपक ने प्रशासन से शिक्षा मंत्री से मिलने की बात कही। पुलिस मौजूदगी में दीपक शिक्षा मंत्री से मिले और उन्हें अपने गांव की सबसे बड़ी पानी की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि उनके जल घर के तालाबों की पिछले 8 साल से कोई सफाई नहीं हुई। और नहीं गांव में पीने के पानी की व्यवस्था है। विभाग के सभी आला अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। इस पर शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे संबंध में हरियाणा सरकार से बात करेंगे और गांव की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### ग्रामीणों द्वारा तालाब की सफाई शुरू

प्रशासन द्वारा जल घर के तालाबों में भरे कीचड़ की सफाई न करने पर रविवार को सरपंच द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से तालाब की सफाई शुरू की गई। ग्रामीण दिनभर अपने ट्रैक्टरों और जेसीबी मशीन से तालाबों की सफाई में जुटे रहे। क्योंकि सिंचाई विभाग द्वारा 25 जून को नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। प्रधान दीपक मलिक का कहना है कि प्रशासन का कोई भरोसा नहीं वह कब साफ करेगा। उनका प्रयास है कि नहरों में पानी आने से पहले तालाबों की सफाई हो। ताकि लोगों को स्वच्छ पीने के लिए स्वच्छ पानी मिल सके।

## डीएसपी ने किया एमटीएफसी संस्कार केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएसपी रवि खुंडिया ने कहा है कि नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन एमटीएफसी संस्था के साथ जुड़कर शिक्षा के प्रचार-प्रसार में जुटा है ताकि मासूम पीढ़ियां इसके शिकार से बच सकें। बच्चों को शिक्षित करने के लिए संस्था एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में नए संस्कार केंद्र का शुभारंभ इंदिरा कॉलोनी में किया गया। जहां पहले पुलिस चौकी थी। डीएसपी बतौर मुख्य अतिथि यहां उपस्थितजन को सम्बोधित कर रहे थे। डीएसपी द्वारा स्थानीय लोगों को नशे की रोकथाम के लिए शपथ भी दिलवाई गई। लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।



**रोहतक।** डीएसपी रवि खुंडिया को सम्मानित करते हुए एमटीएफसी संस्था के पदाधिकारी।

बच्चों ने अपनी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी कार्यक्रम में दी। एमटीएफसी संस्था के प्रधान नरेश ढल ने डीएसपी का धन्यवाद किया। मंच संचालन का सेवा कार्य मीनाक्षी ढल द्वारा संभाला गया। डीएसपी ने आगे भी इस प्रकार के सकारात्मक कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता, गोविंद राम सिंघल, गुलशन शर्मा, नरेश जैन, प्रदीप जैन, तस्वीर हुड्डा, नवनीत हुड्डा, आशीष मित्तल, देवेंद्र शर्मा, एचसी कर्मबीर सैनी, साहिल जैन, डॉ ज्योति, पिंकी माठ, प्रीति जैन, कृष्ण ढल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने इंदिरा कॉलोनी में सर्च अभियान चलाया

**रोहतक।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने रविवार को इंदिरा कॉलोनी में सर्च अभियान चलाया। इंचार्ज निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि ब्यूरो के प्रमुख एडीजीपी ओपी सिंह, एसपी पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व और डीएसपी सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। टीम ने इंदिरा कॉलोनी एरिया में शेरा डॉग स्कवायड के साथ सर्च अभियान चलाया और कई इलाकों में छानबीन की। टीम में उप निरीक्षक जयबीर की अगुवाई में, हवलदार रवि, सिपाही प्रमोद व पीआरओ विजय शामिल रहे। अभियान के दौरान आमजन से अपील की गई कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री न. 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके। आपकी दी हुई सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी एवं सूचना देने वाले का नाम किसी भी सूरत में उजागर नहीं किया जाएगा। ब्यूरो द्वारा कई दिनों से अलग अलग एरिया में सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं।



### ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई

**रोहतक।** मानव उत्थान सेवा समिति मानव धर्म आश्रम में रोशनी बाई की अध्यक्षता में रमन कुमार का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। जहां लोगों ने शरबत का प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान के प्रधान हरिओम ने बताया कि गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। गर्मी के दिनों में प्रत्येक व्यक्ति को पानी की ज्यादा जरूरत होती है। इसके अलावा प्यासे को पानी पिलाना महान कार्य भी माना जाता है, इसलिए जनसेवा के उद्देश्य से उनके द्वारा पानी की छबील लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जल का दान पौराणिक कथाओं में उत्तम फलदाई माना गया है। प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। रोशनी बाई ने कहा कि सभी को पुण्य कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। निर्जला एकादशी का महत्व हमारे पुराणों में दर्ज है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्तमान में इसका महत्व और बढ़ जाता है। इस मौके पर संस्था के प्रधान हरिओम, केला, सूर्य प्रकाश, दीपक, रामफल, विजय, मल्लूराम, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## भगवान महादेव का अभिषेक अर्चन कर आशीर्वाद लिया



**रोहतक।** भिवानी चुंगी राजेंद्र कॉलोनी स्थित टिकाणा सत बाबा सांवल शाह में कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल पहुंचे। महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती ने उन्हें आशीर्वाद दिया। स्वामी शंकरानंद ने नवीन जिंदल सांसद का फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने ने आश्रम में भगवान महादेव का अभिषेक अर्चन किया। आश्रम के भगतों के साथ आज के युग मे स्वस्थ कैसे रहें इस बारे में विचार विमर्श भी किया। साथ ही युवाओं के उज्वल भविष्य की चर्चा की। इस अवसर पर मनमोहन गोयल, टीनू लुम्बा, दीपक नागपाल, हैप्पी बहल, विजय विज, सलिल, हर्ष, राम निवास, प्रोफेसर मनोज, नरेंद्र गहलावत, योगेश राठी सहित अन्य मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजना

# मत्स्य पालन क्षेत्र में दिये जा रहे अनेक लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में अनेक प्रकार के अनुदान व लाभ दिये जा रहे हैं। संबंधित व्यक्ति सरकार की योजना का पूरा लाभ उठाएं।

अजय कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए मछली पालन के लिए प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान केवल पंचायती तालाबों, सरकारी जलाश्यों पर मान्य होगा। यह राशि केवल प्रथम वर्ष की पट्टा राशि पर प्रदान की जाएगी तथा अनुदान की अधिकतम सीमा 4 हेक्टेयर पर दो लाख रुपये प्रति लाभार्थी होगी। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि मछली पालन के लिए द्वितीय एवं आगामी वर्षों की पट्टा राशी पर विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 40 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान केवल पंचायती तालाबों, सरकारी जलाश्यों पर मान्य होगा। द्वितीय वर्ष से पांचवें वर्ष तक पट्टा राशि पर अनुदान प्रदान किया जाएगा तथा अनुदान की अधिकतम सीमा 4 हेक्टेयर पर एक लाख साठ हजार रुपये प्रति लाभार्थी होगी। जिला मत्स्य अधिकारी आशा अहलावत ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति इस योजना का लाभ लेने के लिए अपने आवेदन शीघ्र स्थानीय लघु सचिवालय स्थित कमरा संख्या 302 में जिला मत्स्य अधिकारी के कार्यालय तथा विभाग के महम, सांपला, कलानौर व लाखनमाजरा में स्थित कार्यालय में जमा करवाएं।

### बोली की 50 प्रतिशत से मिलेगी वित्तीय सहायता

अजय कुमार ने बताया कि मछली पकड़ने के ठेके पर अनुदान के तहत विभाग द्वारा जिला के अधिसूचित पानी (नदी, नहरे तथा ड्रेन) में मछली पकड़ने के अधिकारों की नीलामी प्रतिवर्ष की जाती है। अधिसूचित पानी में मछली पकड़ने के अधिकारों की प्राप्ति पर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को स्वीकृत बोली की 50 प्रतिशत की दर से वित्तीय सहायता मिलेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 5 लाख रुपये है। खाद-खुराक पर अनुदान के अंतर्गत मत्स्य पालक को खाद-खुराक पर कुल लागत रुपये एक लाख 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर का 60 प्रतिशत या धनराशि 90 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर (जो भी कम हो) अनुदान रूप में प्रदान किया जायेगा, जिसकी अधिकतम सीमा 4 हेक्टेयर पर 3 लाख 60 हजार रुपये प्रति लाभार्थी होगी।

### जाल खरीद पर भी मिलेगा अनुदान

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जाल खरीद पर अनुदान के तहत विभाग द्वारा लाभार्थी को मछली पकड़ने व मत्स्य पालन के लिए जाल खरीद पर 40 हजार रुपये के जाल खरीद पर 60 प्रतिशत या धनराशि 24 हजार रुपये प्रति लाभार्थी (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। रेहड़ी, स्टोव, गैस चूल्हा, बर्तन आदि सहित पर अनुदान के तहत मत्स्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के परिवारों को मछली एवं मछली उत्पाद की बिक्री हेतु रेहड़ी (स्टोव, गैस चूल्हा, बर्तन आदि सहित) इत्यादि पर अनुदान प्रदान करने का प्रावधान है। इस मद में 60 हजार रुपये की रेहड़ी की खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम धनराशि 36 हजार रुपये प्रति लाभार्थी (जो भी कम हो) अनुदान के रुप में प्रदान किया जाएगा।

**पहाड़ियों में जयहिन्द सेना कोर कमांडरों को दी ट्रेनिंग:** **रोहतक।** जयहिंद सेना के प्रमुख नवीन जयहिंद द्वारा पहाड़ियों में लगाया गया कोर कमांडर कैम्प रविवार को खत्म हो गया। ये वही कोर कमांडर है जिन्होंने प्रदेश के बुजुर्गों, विधवाओं, विकलांगों की पेंशन, फैमिली आईडी के लिए व खिलाड़ियों के खेल कोटे के लिए लड़ाई लड़ी थी। इन्होंने लोगों के मकान गिरने से बचाए थे व बेरोजगारों के रोजगार के लिए बेरोजगारों की बारात निकाली थी। उन्होंने हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों, गेस्ट टीचर्स, कंप्यूटर टीचर्स, ड्राइंग टीचर्स के हकों की लड़ाई लड़ी है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 2
CHEMIST SHOP STAFF 2
PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र
मन उदास रहना (डिप्रेशन),
चिन्ता करना, नींद की समस्याए
फिज़ूल के विचार आना (OCD)
सिरदर्द (माइग्रेन)
सभी प्रकार के दौरे
भूलने की बीमारी
शक-वहम होना
बाईपोलर डिसार्डर
नशा मुक्ति
अत्यधिक गुस्सा करना
घबराहट
बेचैनी
स्किजोफ्रेनिया,
बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466 8685805302

### भाजपा ने विजेता नेताओं के नागरिक अभिनंदन से किया विधानसभा चुनाव का आगाज

# सत्ता में आकर हरियाणा को लूटने का सपना देखना छोड़ दे कांग्रेस, तीसरी बार भाजपा सरकार आ रही : धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए आगाज कर दिया है। कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री और हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, चुनाव सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिपल्ब कुमार देब और मनोहर लाल ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। यहां भाजपा मंगल कमल कार्यालय के समाने नागरिक अभिनंदन में धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यकर्ताओं को कहा कि विधानसभ चुनाव के लिए हमारे पास सिर्फ 100 दिन हैं। लेकिन कांग्रेस ध्यान रखे कि अब तो 20-20 का जमाना है। कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाकर प्रदेश को फिर से लूटने का मुगालता छोड़ दे, क्योंकि हरियाणा में भाजपा तीसरी बार जनता की सेवा करने के लिए सरकार बनाने जा रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जनता कांग्रेस के षडयंत्र को समझे, कांग्रेस बहरूपिया है। कांग्रेस के शासनकाल के दौरान हरियाणा में दलित परिवारों, किसानों, वंचितों पर हुए अत्याचारों को जनता भूली नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यहां से संकल्प लेकर जाना है कि जब तक हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं बनेगी, तब तक रुकेंगे नहीं। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा का मान ऊपर रखा और अब हरियाणा के सपूतों को बड़ी जिम्मेदारी है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम लूट खसोट की राजनीति नहीं करते। हम सर्व समाज और सर्व समावेशी सरकार चलाने के मंत्र से चलते हैं।

### बाप-बेटे की सरकार नहीं बनेगी गरीब-किसान की बनेगी : देब



कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा चुनाव सह प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिपल्ब कुमार देब ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में यह बात फैला रही है कि सरकार बदलेगी, लेकिन हम कहना चाहते हैं कि हरियाणा में बाप-बेटे (भूपेंद्र हुड्डा-दीपेंद्र हुड्डा) की सरकार नहीं बनेगी, सरकार बनेगी तो गरीब-किसान की सरकार बनेगी। बिप्लब ने कहा कि बाप-बेटा सत्ता में आने की जो आस लगाए बैठे हैं उन्हें कह देना चाहते हैं कि हम मनोहर लाल के रूप में करंट मंत्री अपने साथ लेकर आए हैं। देब ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा लोगों को बहकाने लगे हैं कि हरियाणा को चमकाएंगे, लेकिन 10 साल जनता ने हरियाणा में कांग्रेस की जब सरकार बनाई थी तो आपने क्या किया। अपने शासनकाल को खंगालकर देखें तो पता चलेगा कि उस समय हरियाणा में जंगल राज था। लेकिन अब जनता का राज है।






रोहतक। लोगों का अभिवादन करते नवनियुक्त चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय बिजली एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

### तीन महीने बाद कांग्रेस के झूठ की नींव ढह जाएगी: मुख्यमंत्री



नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकारा बनेगी, उसका आगाज आज रोहतक से हो गया है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह झूठ का सहारा लेकर अपनी नींव खड़ी की है, आने वाले तीन महीने के बाद वो नींव हरियाणा में ढह जाएगी और भाजपा तीसरी बार हरियाणा में आएगी। सैनी ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता जनता के बीच में कांग्रेस के झूठ का नाकाब उतारेगा।

### लोस चुनाव में कांग्रेस ने हथकंडे फैलाए, सावधान रहें: मनोहर लाल



केंद्रीय बिजली एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने हथकंडे फैलाए, कुछ लोग उनकी बातों में फंस गए। अब विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ऐसे हथकंडे अपनाएगी। कुछ नई झूठी बातें भी लेकर वे आ सकते हैं, लेकिन आपको उनकी बातों से सावधान रहना है। मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार था, धींगा मस्ती चलती थी। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता का काम आज नहीं तो कल हो ही जाएगा, लेकिन अगर कांग्रेस आती है तो वही धींगा मस्ती, भाई भतीजाववाद, भ्रष्टाचार और अपनों को रेवड़ी बांटने वाली सरकार बनाएगी। इनसे सावधान रहें।

### ये रहे मौजूद

मंच का संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने किया। मंच पर राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, सांसद धर्मवीर सिंह, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री किरण चौधरी, कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन बड़ौली, पीडब्ल्यूडी मंत्री डॉ. बनवारी लाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद संजय भाटिया, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, सिंचाई मंत्री अभय सिंह यादव, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार और सुभाष बराला, वित्त मंत्री जेपी दलाल, कार्तिक शर्मा, विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका मौजूद रहे।

### 'पसीना बहाकर बनाएंगे सरकार'

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जैसे हमने अपना पसीना केंद्र में भाजपा सरकार बनाने के लिए बहाया, ऐसे ही अगले तीन महीने पूरा पसीना बहाकर हरियाणा में भाजपा की सरकार बनानी है।





### राव, नवीन और अरविंद शर्मा नहीं पहुंचे

नागरिक अभिनंदन समारोह में गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत को भी आना था, लेकिन वे नहीं आए। भाजपा ने इनके पोस्टर और बैनर पूरे शहर में सजा रखे थे, लेकिन राव इंद्रजीत कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। दूसरी ओर रोहतक लोस से चुनाव लडने वाले डॉक्टर अरविंद शर्मा भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। नवीन जिंदल भी भाजपा के नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

**अनिल विज मंच पर भावुक हुए** : अनिल विज कार्यक्रम में पहुंचे लेकिन वे सीधे मीडिया गैलरी में आ गए। अनिल विज वहां बैठने ही वाले थे कि मंच से भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने उन्हें देखा और मंच से उतरकर आए। रणबीर ढाका उन्हें मंच पर लेकर गए। मंच पर जाते ही कार्यकर्ताओं ने अनिल विज जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए तो विज भावुक हो गए।



### बहादुरगढ़ से रोहतक तक जगह-जगह स्वागत

**रोहतक।** नवनियुक्त चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब का पहली बार हरियाणा आने पर जोरदार स्वागत किया गया। बहादुरगढ़ से रोहतक तक कार्यकताओं और नेताओं ने जगह-जगह चुनाव प्रभारियों के काफिले का फूल बरसाकर स्वागत और अभिनंदन किया। रोहतक में प्रवेश करते ही रोहतक और झज्जर के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के नेतृत्व में रोहतक विधानसभा के कार्यकर्ता सेक्टर-1 की पहली पुलिया पर और महम विधानसभा के कार्यकर्ता शमशेर खरकड़ा के नेतृत्व में श्रीराम शर्मा पार्क नजदीक में स्वागत किया। कलानौर विधानसभा क्षेत्र के गांव खरावड़ में जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक के नेतृत्व में सभी का स्वागत किया गया।

## गरीब लोगों को 100-100 गज के प्लॉट का कब्जा व दस्तावेज सौंपे: मुख्यमंत्री

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सम्मन समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। गरीब लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट का कब्जा व दस्तावेज सौंपे गए हैं।
शेष पात्र लोगों के खाते में सरकार द्वारा एक-एक लाख रुपये की राशि डाली जाएगी, ताकि वे 100-100 वर्ग गज के प्लॉट खरीद सकें। वर्तमान में गरीब लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। प्रदेश सरकार द्वारा उनके कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। नायब सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 10 वर्ष के शासनकाल के दौरान जनता से किए वायदे पूरे नहीं किए।

कांग्रेस शासनकाल के दौरान न तो पर्याप्त बिजली मिलती थी और गैस सिलेंडर भी बुकिंग के तीन दिन बाद ही उपलब्ध होता था। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा की हाइलेवल दो बैठकें हुई घर-घर पहुंचने की रणनीति तैयार

**रोहतक।** विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने रोहतक से चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। हरियाणा में कांग्रेस को पूरी तरह से चित करने की रणनीति पर चल रही भाजपा ने रोहतक में चक्रव्यू तैयार किया है। माइक्रो मैनेजमेंट के फामूर्ला पर चलते हुए रविवार को धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब देब ने बैठक में 100




दिनों में घर-घर पहुंचने का लक्ष्य दिया। ओडिशा में बीजेपी को प्रचंड जीत दिलाने वाले धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब देब की जोड़ी ने विधानसभा चुनाव के लिए हुई पहली ही बैठक में पदाधिकारियों से कहा कि केवल विजय पर फोकस रखें और मेहनत को दोगुना कर दें। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने पदाधिकारियों को साफ संकेत दे दिया है कि पार्टी का मिशन हरियाणा विजय है।



### लोगों की हवन के प्रति श्रद्धा एवं आस्था बढ़ रही

**रोहतक।** श्री हरिहर धाम ट्रस्ट के माध्यम से जय मां गायत्री रुपया चौक पर गायत्री हवन किया गया। पंडित हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि यज्ञ हर रविवार को किया जाता है। इस बार यज्ञ में आहुतियां देने के लिए बाबा सरवननाथ योगी अपने सेवकों के साथ पहुंचे। साथ ही भगवान परशुराम सेवा संघ के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा, जय भगवान पाराशर, ताराचंद, बीएस कौशिक, सतीश पांचाल, रमेश पांचाल, पवन दीक्षित, अनिल शर्मा, दीपशिखा, जितेंद्र विरवानी आदि ने पहुंचकर औषधि युक्त सामग्री से हवन किया। हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में हर रविवार होने वाले हवन में दिन प्रतिदिन लोगों का रुझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यज्ञ ही श्रेष्ठ कर्म है। लोगों की हवन के प्रति श्रद्धा एवं आस्था बढ़ रही है। गायत्री हवन द्वारा सभी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की जाती है और सभी का जीवन सुखी हो इसी भावना से हवन किया जाता है।

### भाजपा प्रदेश संगठन महामन्त्री शर्मा को सौंपा मांगपत्र



**रोहतक।** पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा हरियाणा के मुख्य संरक्षक शान्ता कुमार आर्य की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश संगठन महामन्त्री फणीन्द्रनाथ शर्मा को ज्ञापन सौंपा। मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि इससे पहले महासभा के प्रांतीय मुख्य संरक्षक शान्ता कुमार आर्य ने पिछड़ा वर्ग की क्रीमीलेयर विसंगति दूर करने और प्रथम व द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में 16/11 के हिसाब से 27 प्रतिशत पूरा आरक्षण देने सहित हरियाणा राज्य के पिछडे वर्गों की सभी मांगों बारे संगठन महामन्त्री को अवगत कराया। फणीन्द्रनाथ शर्मा ने मांगों को सरकार से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में योगेश वर्मा, डीबी सैनी, जगदीश सैनी, विनोद जांगडा, सुनीता, बिमला पांचाल व अशोक जांगड़ा शामिल रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**प्रशिक्षण शिविर** भारतीय संस्कृति का मूल आधार वेद

## अंकुर अरोड़ा के तीसरे काव्य संग्रह मानव तू योद्धा है का विमोचन

हमें अच्छे कर्म करने चाहिए और इच्छाओं पर नियंत्रण रखते हुए संयमी जीवन जीना चाहिए




■ समापन सत्र में आर्यवीरों ने गीत, कविता, भाषण आदि बौद्धिक एवं लाठी, तलवार, भाला, लेज़यिम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, आदि की मनोहारी प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय संस्कृति का मूल आधार वेद हैं। यहां सीखी हुई सारी बातें घर जाकर दोहरानी हैं और उन्हें आचरण में उतारना है। मांसाहार का त्याग करें, यह अमानवीय है। ये विचार आर्य वीर दल के तत्वावधान आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र के दौरान मुख्य वक्ता स्वामी विवेकानंद परिव्राजक ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमें अच्छे कर्म करने चाहिए और इच्छाओं पर नियंत्रण रखते हुए संयमी जीवन जीना चाहिए। कार्यक्रम में आर्य वीर दल रोहतक के मंत्री अंकुर अरोड़ा के तीसरे काव्य-संग्रह मानव तू योद्धा है का विमोचन स्वामी विवेकानंद परिव्राजक ने किया। जिला संचालक सतीश आर्य ने पुस्तक का परिचय देते हुए बताया कि पुस्तक में कविताओं के माध्यम से राष्ट्रीय शौर्य एवं स्वाभिमान की पुनर्स्थापना का प्रयास किया गया है।

### समय का महत्व बताया

समापन सत्र में आर्यवीरों ने गीत, कविता, भाषण आदि बौद्धिक एवं लाठी, तलवार, भाला, लेज़यिम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांगसुन्दर व्यायाम आदि की मनोहारी प्रस्तुति दी। कोषाध्यक्ष संजय कथूरिया ने समझ लो वही आर्य वीर हो तुम गीत सुनाकर आर्य वीरों के कर्तव्य बताये। दयावती आर्य ने चरित्र निर्माण का गीत सुनाकर बुराइयों से बचने की प्रेरणा दी। शिविर उपाध्यक्ष आचार्य शक्तिदेव ने समय के सदुपयोग का महत्व बताया। मुख्य अतिथि सुरेश मित्तल ने बच्चों को नियमित व्यायाम करने की प्रेरणा दी। शिविर अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य ने बच्चों को शुद्ध आचरण करने का संकल्प दिलवाया। प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों एवं व्यायाम शिक्षकों को सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला संचालक सतीश आर्य, जगदीश आहूजा, शिवानी सागर, समीर, सचिन दुआ, यशपाल भाटिया, संदीप काहनी, कृष्ण देव शास्त्री, धनीराम आर्य, रामवीर शास्त्री, दलजीत आर्य, हितेश मदान, डॉ. विनोद बिंद्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।